प्रेस विज्ञप्ति

28 जून, 2016

श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला, मीडिया प्रभारी, अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी ने आज प्रेस को निम्नलिखित बयान जारी किया :–

''हरियाणा में बस भाड़े में 10 पैसे/किलोमीटर की बढ़ोत्तरी भाजपा की खट्टर सरकार की तुगलकी व तानाशाही नीतियों का सबूत है। दो वर्षों में दो बार डीज़ल और पेट्रोल पर अतिरिक्त टैक्स लगा, बिजली के दाम बढ़ा व अब बस भाड़ा बढ़ाकर ढाई करोड़ हरियाणवी की जेब पर आए दिन हमला किया जा रहा है। ऊपर से रोडवेज़ में सेवाओं का घोर अभाव है। यात्री परेशान हैं और कर्मचारी सड़कों पर। न नई बसें हैं और न सुविधा। इन सबके चलते बस भाड़े की बढ़ोत्तरी खट्टर सरकार के अमानवीय तौर तरीके को दर्शाती है।''